Title: Need to start air service from Nasik City in Maharashtra.

श्री उत्तमराव ढिकले (नासिक) : सभापति महोदया, नाशिक शहर दिन ब दिन बढ़ता जाने वाला शहर है। यह मुम्बई से 185 कि.मी., पूना से 200 कि.मी. और गुजरात से 100 कि.मी. की दूरी पर सेंटर में बसा हुआ है। यहां कुम्भ मेला भी 2003 में शुरू होने वाला है। इसलिए इस शहर में विमान सेवा (सिविल) शुरू होनी आ वश्यक है। विमान सेवा शुरू करने के लिये नासिक में ओझरमिग और गांधीनगर - यह दो विमान दल डिफैंल के भी मौजूद हैं।

इसलिए मेरी सरकार से प्रार्थना है कि जल्द से जल्द सिविल विमान सेवा शुरू करें।